भारत की जलवायु परिच्छेदिका/प्रोफाइल भाग-2

जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में शमन कार्रवाई

भारत शमन नीतियों को लागू करने और न्यून कार्बन तथा सतत् जीवन शैली को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने, समानता एवं सामान्य लेकिन विभेदित उत्तरदायित्वों की अवधारणा पर बल देने के लिये प्रतिबद्ध है।

विभिन्न मंत्रालयों/प्राधिकरणों द्वारा की गई कार्रवाइयाँ

मंत्रालय	कार्यक्रम/योजना	उद्देश्य
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)	इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट फॉर ग्रीन रेटिंग (GRIHA) **(EE)***	ऊर्जा-कुशल इमारतों को पहचानना, बड़े पैमाने पर प्रतिकृति (replication) को प्रोत्साहित करना
	हरित ऊर्जा गलियारा परियोजना **(RE)#**	उत्पादित विद्युत् को सिंक्रोनाइज़ करने का लक्ष्य
विद्युत मंत्रालय (MoP)	ऊर्जा कुशल आर्थिक विकास के लिये रूपरेखा (FEEED) **(EE)**	ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के वित्तपोषण को सरल बनाना
	राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन **(EE)**	स्मार्ट ग्रिड परिनियोजन में तेज़ी लाना
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)	शून्य दोष और शून्य प्रभाव (ZED) **(उद्योग)**	ऊर्जा दक्षता हेतु गुणवत्ता नियंत्रण और प्रमाणन पर MSME को रेटिंग देना
भारी उद्योग मंत्रालय (MoHI)	भारत में हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाना और विनिर्माण करना (FAME India) **(यातायात)**	पर्यावरण-अनुकूल वाहनों - हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक को बढ़ावा देना
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH)	राष्ट्रीय हरित राजमार्ग मिशन **(FR)^**	राजमार्गों पर वृक्षारोपण
जल शक्ति मंत्रालय (MoJS)	नमामि गंगे (वानिकी हस्तक्षेप) **(FR)**	पहचाने गए विविध वन क्षेत्र पर वनीकरण और पुनर्वनीकरण
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG)	जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति - 2018 **(ऊर्जा)**	जीवाश्म आधारित ईंधन के साथ जैव ईंधन का मिश्रण
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)	स्वच्छ विकास तंत्र (CDM) **(एकाधिक)**	जलवायु परिवर्तन शमन को संबोधित करने वाला प्रमुख कार्यक्रम
	प्रतिपूरक वनीकरण प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (CAMPA) **(FR)**	गैर-वन उपयोग हेतु हस्तांतरित वन भूमि के लिये मुआवज़ा प्रदान करना
	राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) **(एकाधिक)**	वर्ष 2024 तक PM2.5 और PM10 सांद्रता में 20-30% की कमी
	जलवायु परिवर्तन कार्रवाई कार्यक्रम (CCAP) **(अनुसंधान)**	वैज्ञानिक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता बनाना और मज़बूत करना

***EE=ऊर्जा दक्षता; #RE=नवीकरणीय ऊर्जा; ^FR=वानिकी**

Drishti IAS

और पढ़ें: जलवायु परविर्तन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mitigation-actions-in-the-realm-of-climate-change